Title: Regarding Pakistan's construction of a helipad at Koteshwar and other anti-India activities thus posing a threat to India's national integrity.

श्री राशिद अलवी (अमरोहा) : अध्यक्ष महोदय, मैं सरकार की तवज्जह एक अहम मामले की तरफ दिलाना चाहता हूं। आज के ज्यादातर अखबारों में छपा है कि बंगाल मे डोरा एरिया के नजदीक कोटेश्वर में पाकिस्तान हेलीपैड बना रहा है और पिछले 52 सालों में कभी ऐसा नहीं हुआ है। यह पहली बार हुआ है कि वहां हैलीपेड बनाये जा रहे हैं। क्या सरकार को मालूम है ? कहीं ऐसा न हो कि कारगिल जैसा वाकया दुबारा इस देश के अंदर हो जाये ? महत्वपूर्ण मामला यह है कि पाकिस्तान में मीटिंग हुई है और उसके अंदर कहा गया है कि हिन्दुस्तान के खिलाफ जिहाद किया जाये। यूनाईटेड स्टेट्स ने कहा है कि मिलिट्री ग्रुप्स हैड क्वार्टर बंद कर दिये जायें लेकिन जनरल मुशर्रफ ने कहा है कि बंद नहीं किये जाएंगे। क्या सरकार को इस सब के बारे में मालूम है ?

अध्यक्ष महोदय : आप ज़ीरो ऑवर में भ्ााण दे रहे हैं ?

श्री राशिद अलवी : बस, एक मिनट लूंगा। ज़िहाद की आवाज भी उठ रही है। मैं उस ज़िहाद को कंडेम भी करता हूं और परसों होम मिनिस्टर साहब ने इस हाउस में कहा है, पाकिस्तान के खिलाफ जो ज़िहाद की आवाज उठ रही है, उसका जवाब मुसलमानों को देना चाहिए। हम उस ज़िहाद को कंडेम करते हैं और होम मिनिस्टर साहब से भी कहते हैं, I call upon all the countrymen to join me in condemning this jihad. इसके लिए सरकार को तैयारी करनी चाहिए कि पाकिस्तान अचानक कारगिल जैसा वाकया देश के साथ न कर दे।